bp की अपने आपूर्तिकर्ताओं से अपेक्षाएँ

1. नैतिकता और अनुपालन
2. स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण
3. वित्तीय अपराध और नियामक अनुपालन
4. सस्टेनेबिलिटी
5. मानवाधिकार और आधुनिक दासता
6. शून्य भेदभाव और उत्पीड़न
7. डेटा गोपनीयता, सायबर सुरक्षा और बौद्धिक संपदा
8. आवाज़ उठाएँ

bp के आपूर्तिकर्ता इस बात की कुंजी हैं कि हम आज और कल दुनिया को ऊर्जा प्रदान करने के अपने उद्देश्य को कैसे लागू करते हैं।

हमारी आचार संहिता 'हम कौन हैं' की नींव पर है और हमारे काम करने के तरीके को आकार देती है। हमारी संहिता कहती है कि हम:

- अपने व्यावसायिक भागीदारों के साथ ईमानदारी, सम्मानपूर्ण और ज़िम्मेदारीपूर्ण तरीके से काम करते हैं; और
- व्यापार भागीदारों के साथ काम करना चाहते हैं जो सुरक्षा, नैतिकता और अनुपालन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता साझा करते हैं।

यह दस्तावेज़ व्यावसायिक भागीदारों के साथ हमारी साझा प्रतिबद्धताओं की मुख्य अपेक्षाओं को व्यक्त करता है। यह संहिता का या लागू कानूनों का विकल्प या प्रतिस्थापन नहीं है, और न ही यह अनुबंधीय दायित्वों में कोई संशोधन करता है।

हम आपसे यह आग्रह करते हैं कि आप इन अपेक्षाओं का समर्थन करें और bp के काम में लगे अपने कर्मियों, सब-कॉन्ट्रैक्टर्स, एजेंटों और अन्य व्यावसायिक भागीदारों को इन अपेक्षाओं के बारे में सूचित करें।

1. नैतिकता और अनुपालन

a. सभी लागू कानूनों और विनियमों का अनुपालन करें।

b. सुरक्षा, सत्यनिष्ठा, पारदर्शिता, निष्पक्षता और सम्मान को बढ़ावा देने वाली नैतिक संस्कृति और व्यावसायिक प्रथाओं को बढ़ावा दें और इसे लोगों को आत्मसात कराएँ।

c. सभी लागू अनुपालन जोखिमों की निरंतर आधार पर पहचान और उनका प्रबंधन करने का एक प्रभावी अनुपालन कार्यक्रम लागू रखें।

2. स्वास्थ्य, सुरक्षा और पर्यावरण ("HSE")

bp के सुरक्षा नेर्तत्व सिद्धांतों के अनुरूप ढंग से व्यवसाय का संचालन करें; इसके लिए, संचालन गतिविधियों और HSE जोखिमों के प्रबंधन के लिए अपनी ओर से पहल करने की और व्यवस्थित पद्धति अपनाएँ, लागू HSE कानूनों और विनियमों का अनुपालन करें और स्वास्थ्य, सुरक्षा तथा पर्यावरणीय प्रदर्शन को निरंतर बेहतर बनाने के प्रयास करें। अपने सभी कर्मचारियों और व्यावसायिक भागीदारों को किसी भी दुर्घटना, चोट, बीमारी या असुरक्षित स्थिति की तुरंत रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित करें, और ऐसे काम को रोक दें जो असुरक्षित हो सकते हैं, ताकि उचित कार्रवाई की जा सके।

3. वित्तीय अपराध और नियामक अनुपालन

आपके लिए काम करने वाले और bp के काम में लगे लोगों को निम्नलिखित में संलिप्त होने से पहले ही रोकने की प्रभावी प्रक्रियाएँ और कार्यविधियाँ (प्रशिक्षण, उचित पड़ताल और वित्तीय नियंत्रण शामिल) लागू रखें:

a. **रिश्वतखोरी और भ्रष्टाचार**, जिसमें व्यवसाय प्राप्त करने, बनाए रखने या निर्देशित करने, अनुचित लाभ प्राप्त करने या सरकार के अधिकारियों सहित किसी को अनुचित तरीके से प्रभावित करने के लिए किसी भी मूल्यवान वस्तु (सुविधा भुगतान सहित) को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से देने, भुगतान करने, वादा करने, अनुरोध करने या स्वीकार करने पर स्पष्ट रूप से प्रतिबंध लगाना शामिल है।

b. अनुचित ढंग से **उपहार, मनोरंजन या सत्कार प्रदान या स्वीकार करना**।

c. **प्रतिबंधों और निर्यात नियंत्रणों** के अतिक्रमण।

d. **धोखाधड़ीपूर्ण गतिविधि, टैक्स चोरी या मनी लॉन्ड्रिंग** (जिसमें गैर-कानूनी धन को ट्रांसफ़र करना या छिपाना या ऐसे धन को स्पष्ट तौर पर मान्यता देना शामिल है)।

e. **प्रतिस्पर्धा-रोधी आचरण**, जिसमें कीमतें फ़िक्स करने, बोलियों में हेरा-फेरी करने, ग्राहक बाँटने या आपूर्ति सीमित/प्रतिबंधित करने के लिए प्रतिस्पर्धियों से किसी भी रूप में किए गए करार या समझौते शामिल हैं।

f. वास्तविक रूप से **हितों का टकराव**, या ऐसी स्थितियाँ जो व्यक्तिगत और व्यावसायिक हितों के बीच टकराव की स्थिति पैदा कर सकती हैं, जिसमें अनुचित लाभ के लिए bp जानकारी और संसाधनों का उपयोग करना शामिल है।

4. सस्टेनेबिलिटी

हमारा स्थायित्व फ्रेम और bp प्रोक्योरमेंट का स्थायी खरीद दृष्टिकोण तीन फ़ोकस क्षेत्र तय करती हैं: नेट ज़ीरो तक पहुँचना, लोगों के जीवन को बेहतर बनाना और अपने ग्रह की देखभाल करना। हम अपने व्यावसायिक भागीदारों को इन क्षेत्रों में कदम उठाने के लिए प्रेरित करते हैं, इसमें निम्नलिखित शामिल हैं:

a. ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जनों को बेहतर ढंग से समझना और घटाना।
b. मानवाधिकारों को बढ़ावा देना और उनका सम्मान करना।
c. चक्रीय आर्थिकी के सिद्धांतों को अपनाना, पुनःउपयोग, नए उद्देश्य से पुनःउपयोग और वस्तुओं के पुनर्चक्रण को बढ़ावा देना और उनके जीवनचक्र में उन्हें अधिक समय तक उपयोग में बनाए रखना।

5. मानवाधिकार और आधुनिक दासता

a. सभी लोगों के मानवाधिकारों और गरिमा का सम्मान करना और व्यवसाय की उन ज़िम्मेदारियों को पूरा करना जिनका वर्णन UN व्यवसाय एवं मानवाधिकार मार्गदर्शक सिद्धांतों में किया गया है।
b. बलपूर्वक या अनिवार्य श्रम, मानव व्यापार, बाल श्रम, दासता या गुलामी का उपयोग नहीं करना, यानी सारा कार्य स्वेच्छा से, दंड या प्रतिबंध की धमकी के बिना किया जाए और वह धोखे पर आधारित न हो। ये और अन्य अपेक्षाएँ bp के श्रम अधिकार और आधुनिक दासता सिद्धांत में वर्णित हैं।
c. कर्मियों, समुदायों और कमज़ोर समूहों (मूल निवासी और नीचे 6b में लिखे अन्य समूह सहित) के मानवाधिकारों पर जो भी प्रभाव हों उनकी पहचान करना, उनसे बचना, उन्हें न्यूनतम करना या उनकी गंभीरता घटाना और उनका उपचार करना।
d. यह सुनिश्चित करें कि निजी या सार्वजनिक सुरक्षा एक ऐसे ज़िम्मेदारीपूर्ण ढंग से प्रदान की जाए जो कर्मियों और स्थानीय समुदायों के मानवाधिकारों का और मानवाधिकार रक्षकों का सम्मान करती हों।
e. संबंधित राष्ट्रीय कानूनी ढाँचे के भीतर, कर्मियों के संघ बनाने की स्वतंत्रता और सामूहिक मोलभाव के अधिकारों का सम्मान करना। जहाँ कानूनों ने संघ बनाने की स्वतंत्रता और सामूहिक मोलभाव को प्रतिबंधित किया हो वहाँ कर्मियों के प्रतिनिधित्व के वैकल्पिक तरीकों के लिए खुले मन से तैयार रहना और जुड़ाव का समर्थन करना।

6. शून्य भेदभाव और उत्पीड़न

हम सभी से निष्पक्षता और सम्मान के साथ व्यवहार करते हैं और हम जिनके साथ कार्य करते हैं उन सभी से भी ऐसा ही करने की अपेक्षा रखते हैं। ऐसा न करें:

a. अपने कार्यस्थलों में या भर्ती, विकास और करियर प्रगति में किसी भी अनुचित/पक्षपाती भेदभाव को ना सहें।
b. नस्ल, नजाति, राष्ट्रीयता, धर्म, लिंग, आयु, यौन झुकाव, लैंगिक पहचान, वैवाहिक स्थिति, विकलांगता, पूर्व-सैनिक स्थिति या लागू कानूनों द्वारा संरक्षित किसी अन्य विशेषता के आधार पर भेदभाव ना करें।
c. दुर्व्यवहार या उत्पीड़न के किसी भी शारीरिक, शाब्दिक या अशाब्दिक रूप को ना सहें। इसमें ऐसा कोई भी अनचाहा व्यवहार शामिल है जिसे समुचित रूप से आपत्तिजनक, डराने-धमकाने वाला या अपमानकारी माना जा सकता है, और इसमें यौन उत्पीड़न के सभी रूप शामिल हैं।

7. डेटा गोपनीयता, सायबर सुरक्षा और बौद्धिक संपदा

लागू कानूनों का अनुपालन करने के लिए और आपकी देखरेख में मौजूद bp की जानकारी, उसके सिस्टमों और बौद्धिक संपदा तथा व्यक्तिगत डेटा के संरक्षण के लिए प्रभावी नियंत्रणों को लागू रखना। हम डेटा और टेक्नॉलजी के ज़िम्मेदारीपूर्ण और परवाहपूर्ण उपयोग की अपेक्षा रखते हैं, जिसमें शामिल है:

a. व्यक्तियों के गोपनीयता अधिकारों का और दूसरों के बौद्धिक संपदा अधिकारों का सम्मान करना।
b. आपके समक्ष प्रकट की गई और आप पर भरोसा करके आपको सौंपी गई गोपनीय जानकारी का उपयुक्त वर्गीकरण, हैंडलिंग और संरक्षण।
c. अनधिकृत एक्सेस, व्यवधान या सायबर खतरों की संभावना को न्यूनतम करने के लिए प्रभावी सायबर सुरक्षा उपायों को कायम रखना।
d. bp को प्रभावित कर सकने वाली सभी सायबर सुरक्षा घटनाओं, अतिक्रमणों या संदिग्ध संकटों की शीघ्रता से सूचना देना और उन पर सहयोग करना।
e. डिजिटल टेक्नोलॉजियों का विकास या उपयोग करते समय नैतिक निहितार्थों और अनचाहे परिणामों का ध्यान रखना, जिनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) शामिल है।

8. आवाज़ उठाएँ

a. “आवाज़ उठाएँ” की संस्कृति को बढ़ावा दें जो प्रतिशोध सहन न करती हो और सामने लाई गई चिंताओं पर कदम उठाए।
b. अपने कर्मचारियों, कर्मियों,आपूर्तिकर्ताओं,व्यावसायिक भागीदारों, स्थानीय समुदायों और दूसरों को शिकायत तंत्र सहित इस बात के साधन प्रदान करना कि यदि वे कुछ ऐसा देखें जो आपके व्यवसाय या गतिविधियों से जुड़े असुरक्षित, अनैतिक या संभावित रूप से हानिकारक है, तो वे प्रतिशोध के भय के बिना आवाज़ उठा सकें।
c. यह सूचित करना कि, जब वे bp के कार्य में लगे हों तब वे bp के प्रबंधन के किसी भी सदस्य को सूचित भी कर सकते हैं, या bp की गोपनीय ओपनटॉक (OpenTalk) हेल्पलाइन का उपयोग भी कर सकते हैं।

संदर्भ:

और अधिक जानकारी के लिए कृपया इन्हें देखें:

- bp की आचार संहिता और ‘हम कौन हैं’
- bp के सुरक्षा नेतृत्व सिद्धांत
- bp का सस्टेनेबिलिटी ढाँचा
- bp का स्थायी खरीद दृष्टिकोण
- bp की मानवाधिकार नीति तथा श्रम अधिकार और आधुनिक दासता सिद्धांत
- व्यवसाय और मानवाधिकार पर UN के मार्गदर्शक सिद्धांत

ओपनटॉक (OpenTalk):

आप जब चाहें तब निम्नलिखित तरीकों से bp की गोपनीय हेल्पलाइन ओपनटॉक (OpenTalk) तक पहुँच सकते हैं:

कॉल करें:
- UK में **+44 (0) 800 066 8331**
- US में **+1 800 225 6141**
- **+1 704 540 2242** एक ‘कलेक्ट कॉल’ नंबर है जो बिना किसी शुल्क के आपके कॉल को रिसीव करेगा।
- आप स्थानीय नंबरों की पूरी सूची www.opentalkweb.com पर प्राप्त कर सकते हैं

ऑनलाइन:
- www.opentalkweb.com पर ऑनलाइन रिपोर्ट सबमिट करें